संपादकीय

# कर्ज संकट का साया

तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। श्रीलंका के डिफॉल्ट करने के बाद अब नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि दुनिया के तकरीबन 60 फीसदी विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट विकराल रूप रूप में खड़ा हो गया है। तमाम आर्थिक विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं। श्रीलंका पहले ही डिफॉल्ट कर चुका है। अब विशेषज्ञों की नजर पाकिस्तान, ट्यूनिशिया, घाना, केन्या और एल सल्वाडोर पर है। पाकिस्तान के सामने विदेशी मुद्रा का संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ट्यूनिशिया के लिए अपनी बजट जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। घाना और केन्या पर कर्ज का भारी बोझ है। एल सल्वाडोर के बॉन्ड मैच्यूरो होने वाले हैं। वैसे मुसीबत में अर्जेंटीना भी है। वह अभी तक 2018 में पैदा हुए मुद्रा संकट के असर से ही नहीं उबर पाया है। तो यह साफ है कि अमेरिकी मुद्रा डॉलर के लगातार मजबूत होने से दुनिया के अनेक देशों में मुसीबत बढ़ी है। दुनिया की लगभग तमाम मुद्राओं के मुकाबले डॉलर का भाव असामान्य रूप से बढ़ा है। इसका अमेरिका के लोगों को भले फायदा हो रहा हो, लेकिन अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा गई हैं।

वजह यह है कि दुनिया का आधे से ज्यादा कारोबार आज भी डॉलर में होता है। इसके अलावा ज्यादातर देशों अंतरराष्ट्रीय बाजार से डॉलर में कर्ज लेते हैं। अब डॉलर महंगा होने से कर्ज के रूप में उन्हें ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही है। उधर डॉलर की कमी के कारण उनके लिए आयात मुश्किल हो गया है। ज्यादातर विकासशील देशों पर विदेशों से डॉलर में लिए कर्ज का बोझ ज्यादा रहता है। उन देशों के लिए कर्ज और ब्याज को चुकाना अब ज्यादा मुश्किल हो गया है। उधर ऐसे देशों से पूंजी के पलायन बड़ी मात्रा में हुआ है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अब डॉलर में पैसा लगाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने विकाशील अर्थव्यवस्था से अपना पैसा निकाला है। इससे विभिन्न देशों की मुद्राओं का भाव गिरा है। इसका परिणाम सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट के रूप में सामने आएगा। देश जरूरत के मुताबिक आयात नहीं कर पाएंगे। उसका असर देश के अंदर उत्पादन पर पड़ेगा। ऐसा अभी कई देशों में होता दिख रहा है।

# सेमीकंडक्टर आपूर्ति सुधरने से जुलाई में यात्री वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर आपूर्ति में सुधार आने से कंपनियां त्योहार से पहले उत्पादन बढ़ा पाई हैं जिसके चलते जुलाई में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स' (सियाम) की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, पूरी यात्री वाहन श्रेणी की थोक बिक्री जुलाई, 2022 में बढक़र 2,93,865 इकाइयों पर पहुंच गई। जुलाई, 2021 में डीलरों को 2,64,442 इकाइयों की आपूर्ति हुई थी।यात्री कारों की आपूर्ति जुलाई में 10 फीसदी बढक़र 1,43,522 इकाई हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 1,30,080 इकाई थी।

यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री पिछले वर्ष के जुलाई की 1,24,057 इकाई के मुकाबले 11 फीसदी बढक़र जुलाई 2022 में 1,37,104 इकाई हो गई।

वैन की आपूर्ति जुलाई 2021 की 10,305 इकाई से बढक़र इस वर्ष जुलाई में 13,239 इकाई हो गई।

इसी तरह, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री या डीलरों को आपूर्ति पिछले महीने 10 फीसदी बढक़र 13,81,303 इकाई पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वर्ष के समान महीने में 12,60,140 इकाई रही थी।इसके अलावा तिपहिया वाहनों की कुल थोक बिक्री भी आलोच्य महीने में उछलकर 31,324 इकाई हो गई। जुलाई, 2021 में यह आंकड़ा 18,132 इकाई का था।

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि प्रवेश स्तर की यात्री कारें, दोपहिया वाहन और तिपहिया वाहनों का बाजार अभी भी पूरी तरह से उबरा नहीं है। उन्होंने कहा, जुलाई 2022 में दोपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई 2016 की तुलना में अभी भी कम है।

## एनएमडीसी का चालू वित्त वर्ष में 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन का लक्ष्य



**हैदराबाद।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य रखा है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसदी अधिक है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने यह जानकारी दी।

एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 4.219 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन और 4.056 करोड़ टन की बिक्री की थी। कंपनी का कुल कारोबार 25,882 करोड़ रुपये रहा था।

देब ने एनएमडीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2022-23 में हमारा 4.6 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दस फीसदी अधिक है, जिसे हमने कीमतों के संभावित दबाव के लिहाज से आरामदायक स्थिति बनाए रखने के लिए तय किया है।

उन्होंने उम्मीद जताई है कि छत्तीसगढ़ में कंपनी के 30 लाख टन क्षमता वाले इस्पात संयंत्र का डीमर्जर (बड़ी कंपनी को छोटी कंपनियों में बांटना) चालू वित्त वर्ष में पूरा हो जाएगा। इस बारे में दाखिल आवेदन को कंपनी मामलों के मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है।

देब ने बताया कि शेयर बाजार से भी इस संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिल चुका है लिहाजा डीमर्जर के मौजूदा वित्त वर्ष में ही पूरा हो जाने की उम्मीद है।


## एस्टर डीएम हेल्थकेयर का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 34 फीसदी बढक़र 79.77 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** एस्टर डीएम हेल्थकेयर का चालू वित्त वर्ष की 30 जून को खत्म पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 33.84 फीसदी बढक़र 79.77 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले अप्रैल-जून में उसे 59.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन से प्राप्त समेकित राजस्व 2,662.12 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,371.59 करोड़ रुपये था।

पहली तिमाही में समूह का अस्पतालों से प्राप्त राजस्व 1,519.76 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,370.51 करोड़ रुपये था, क्लिनिकों से प्राप्त राजस्व घटकर 536.88 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले वर्ष समान अवधि में 561.94 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि अप्रैल-जून में उसका कुल खर्च बढक़र 2,613.78 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इस अवधि में उसका खर्च 2,310.18 करोड़ रुपये था।

## इंग्लैंड में चेतेश्वर ने मचाई तबाही, 73 गेंदों में ठोका शतक; एक ओवर में बटोरे 22 रन



**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम की दीवार कहे जाने वाले चेतेश्वर पुजारा पिछले कुछ समय से इंग्लैंड में अपने बल्ले से सुर्खियां बटोर रहे हैं। काउंटी क्रिकेट में ताबड़तोड़ रन बनाने के बाद अब पुजारा का बल्ला रॉयल लंदन वनडे कप में भी आग उगल रहा है। वारविकशायर के खिलाफ हुए मुकाबले में पुजारा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 73 गेंदों पर शतक जड़ा, वहीं इस दौरान उन्होंने एक ओवर में 3 चौके और 1 छक्के की मदद से कुल 22 रन भी बटोरे। हालांकि उनकी टीम ससेक्स को इस शानदार प्रदर्शन के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। बता दें, रॉयल लंदन वनडे कप चेतेश्वर पुजारा ससेक्स टीम के कप्तान हैं।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वारविकशायर की टीम ने सालामी बल्लेबाज रोब येट्स के शतक के दम पर बोर्ड पर निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 310 रन लगाए। रोब ने 111 गेंदों पर 14 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 114 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनके अलावा वारविकशायर के कप्तान विल रोड्स ने 76 और माइकल बर्गेस ने 58 रन बनाए।

311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ससेक्स की टीम की शुरुआत ठीक-ठाक रही। हैरिसन वार्ड (22) के रूप में टीम को पहला झटका 35 के स्कोर पर लगा, वहीं दूसरा विकेट 112 रन पर गिरा। नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आए चेतेश्वर पुजारा ने कप्तानी पारी खेलते हुए ना सिर्फ टीम को संभाला बल्कि मुश्किल स्थिति में शतक भी जड़ा।

44वें ओवर तक पुजारा सूझ-बूझ वाली बल्लेबाजी कर रहे थे। वह जब 59 गेंदों पर 66 के निजी स्कोर पर क्रीज पर मौजूद थे तो उनकी टीम को आखिरी 6 ओवर में 70 रनों की दरकार थी। पुजारा ने इसके बाद 45वें ओवर में नॉरवेल को आड़े हाथों लिया और इस ओवर में 22 रन ठोक दिए। पुजारा ने ओवर की एक बॉल डॉट नहीं की और 4,2,4,2,6 और 4 रन की मदद से ओवर को बड़ा बनाया।

# एशिया कप जीतने का दावेदार है भारत : पॉन्टिंग



**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने भारत को एशिया के प्रमुख क्रिकेट आयोजन 'एशिया कप' को जीतने का दावेदार बताया है।

पॉन्टिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' के नये एपिसोड में कहा, सिर्फ एशिया कप ही नहीं, बल्कि किसी भी टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल होता है। उनकी गहराई निश्चित रूप से अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और मुझे लगता है कि भारत एशिया कप जीतेगा।

पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत का पलड़ा भारी है।

पॉन्टिंग ने 28 अगस्त को होने वाले मैच के बारे में कहा, मैं पाकिस्तान के खिलाफ उस मुकाबले को जीतने के लिए भारत के साथ रहूंगा। मैं पाकिस्तान की उपेक्षा नहीं कर रहा क्योंकि वे एक अविश्वसनीय क्रिकेट राष्ट्र हैं जो लगातार बेहतरीन खिलाडिय़ों को मंच देते हैं।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान एशिया कप में 14 बार आमने-सामने आये हैं जिसमें भारत ने आठ बार जीत दर्ज की है जबकि पांच बार नतीजा पाकिस्तान के पक्ष में रहा है। एक मैच बारिश में धुलने के कारण रद्द हुआ है।

पॉन्टिंग ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले की लोकप्रीयता के बारे में कहा, एक क्रिकेट प्रेमी होने के नाते, जब भी इस तरह के मुकाबले होते हैं तो बैठकर देखना हमेशा अच्छा होता है क्योंकि हर चीज़ का स्तर बढ़ जाता है।

भारत ने खिलाडिय़ों के अत्यधिक रोटेशन के बावजूद इस सत्र में अपने 21 टी20 मैचों में से 17 में जीत दर्ज की है। पॉन्टिंग ने यह भी कहा कि यदि मोहम्मद शमी को टी20 विश्व कप के लिये टीम में शामिल किया जाता है तो वह शीर्ष टूर्नामेंट में भारत के लिये महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। मोहम्मद शमी पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप 2020 के बाद टी20 टीम से बाहर हैं। पॉन्टिंग ने कहा, वह बहुत लंबे समय से भारत के लिये एक अच्छे गेंदबाज़ रहे हैं। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में भारत के पास शमी से बेहतर गेंदबाज हैं, और उन्होंने एशिया कप के लिये भी तीन तेज गेंदबाजों का ही चयन किया है।

## आधी रात को जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हुई भारतीय टीम, एयरपोर्ट पर सोते दिखे शिखर धवन



**नई दिल्ली ।** जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम शनिवार को रवाना हुई। बीसीसीआई ने ट्विटर पर कोच वीवीएस लक्ष्मण, शिखर धवन, दीपक चाहर समेत कई अन्य खिलाडिय़ों की तस्वीरें पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 18 अगस्त को खेला जाएगा, वहीं अन्य दो मुकाबले 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया के कप्तान केएल राहुल होंगे।

जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना होने से पहले शिखर धवन ने अपनी फेसबुक स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की थी जिसमें वह एयरपोर्ट पर सोते नजर आ रहे थे।

बता दें, बीसीसीआई ने 31 जुलाई को जिम्बाब्वे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया था और उस समय टीम की कमान शिखर धवन को सौंपी गई थी। मगर कुछ दिन पहले केएल राहुल ने फिटनेस टेस्ट पास कर ना सिर्फ टीम में जगह बनाई, बल्कि बीसीसीआई ने उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी। धवन अब इस दौरे पर टीम के उप-कप्तान है। यहीं नहीं दौरे से पहले कप्तान के अलावा टीम का कोच भी बदला है। एशिया कप से पहले नियमित कोच राहुल द्रविड़ को आराम देकर बीसीसीआई ने वीवीएस लक्ष्मण को हेड कोच बनाकर जिम्बाब्वे भेजा है।भारत की वनडे टीम बनाम जिम्बाब्वे: केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (2wk), संजू सैमसन (2wk), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

## सेहत को सुधारना हैं तो सुबह खाली पेट करें लहसुन का सेवन, मिलेंगे कई फायदे



भारतीय रसोई में लहसुन का इस्तेमाल बहुत किया जाता हैं। किसी भी प्रकार की सब्जी या व्यंजन हो लहसुन खाने के स्वाद को बढ़ाने का काम करता हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लहसुन को कई बीमारियों का रामबाण इलाज माना जाता हैं। औषधीय गुणों से भरपूर लहसुन को आयुर्वेद की सबसे खास जड़ी बूटियों में से एक माना गया है जिसमें मौजूद खनिज और विटामिन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही सेहत को कई तरीके से फायदा पहुंचाने का काम करता हैं। सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन आपकी सेहत की दुरुस्त करने के साथ ही दवाइयों से दूर रखता हैं। आज हम आपको लहसुन से सेहत को मिलने वाले उन फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**रक्त शर्करा को करें नियंत्रित-** हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, लहसुन एलिसिन नामक यौगिक से भरपूर होता है। यह घटक रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और कम करने के लिए जाना जाता है। जब आप लहसुन की फली को कुचलते या काटते हैं तो एलिसिन और बढ़ जाता है। कच्चे लहसुन की फली को दिन में दो बार कुचल कर खाने से आपके शुगर के स्तर में काफी सुधार हो सकता है।

**पेट से जुड़ी बीमारियों में फायदेमंद -** डायरिया और कब्ज़ की समस्या दूर करने में लहसुन बहुत फायदेमंद है। पानी उबालकर उसमें लहसुन की कलियां डालें। खाली पेट इसे पीने से डायरिया और कब्ज़ में आराम मिलेगा। यही नहीं, लहसुन शरीर के अंदर मौजूद जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने का काम भी करता है। लहसुन की कलियां चबाने से डाइजेशन अच्छा रहता है और भूख भी खुलती है।

**हड्डियों का स्वास्थ्य बनाए बेहतर-** अगर आप सुबह में खाली पेट कच्चे लहसुन और एक गिलास पानी का सेवन करते हैं तो यह कैल्शियम की कमी को पूरा करता है। इससे हड्डियां स्वस्थ और मजबूत बनती है। रखता है। मासिक धर्म के समय होने वाले यह दर्द से राहत देता है यह शरीर में एस्ट्रोजन का स्तर बनाए रखने में मदद करता है।

**संक्रमण से देता है सुरक्षा-** लहसुन में एंटीबायोटिक और एंटी फंगल के गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते है जो हमारे शरीर के बैक्टीरियल इंफेक्शन को दूर करने में मदद करते है। लहसुन को प्राकृतिक एंटीबायोटिक माना जाता है। नियमित सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन करने से शरीर के कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। यह लंबे समय तक संक्रमण से लड़ता है जिससे बीमारियों से शरीर की सुरक्षा होती है। यह बाहरी संक्रमण से शरीर को बचाता है।

**वजन घटाने में मदद करें-** ऐसा कहा जाता है कि वजन घटाने के लिए खाली पेट लहसुन की एक दो फली खाने से बेहद फायदा होता है। लहसुन में ऐसे घटक होते हैं जो आपके शरीर में खराब और अत्यधिक वसा को जलाने में मदद करते हैं। कई पोषण संबंधी पत्रिकाओं के अध्ययन में यह भी दावा किया गया है कि लहसुन सामान्य रूप से आपके चयापचय को तेज कर सकता है। जिससे वेट लॉस प्रोसेस को स्पीड अप किया जा सकता है। लहसुन में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद करते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, लहसुन मेटाबोलिज्म को बढ़ाता है, जिससे मोटापे की समस्या दूर होती है।

**कैंसर से बचाए-** लहसुन में एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटीबायोटिक और एंटी कार्सिनोजेनिक गुण पाए जाते हैं। हर सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन करने से कैंसर से बचने में मदद मिलती है। लहसुन में एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है जो कई प्रकार के कैंसर से शरीर की सुरक्षा करता है।

**शरीर को करें डिटॉक्सीफाई -** कच्चे लहसुन को अगर सुबह के समय पानी के साथ लिया जाए तो यह शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। लहसुन आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने का एक बेहतरीन विकल्प है।

## अक्षय की फिल्म रक्षा बंधन ने की ठीक ओपनिंग




बॉलीवुड इंडस्ट्री में लगभग हर शुक्रवार को कोई ना कोई फिल्म रिलीज होती है लेकिन इस बार बीते गुरुवार यानी 11 अगस्त को दो बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। एक अक्षय कुमार की रक्षा बंधन और दूसरी आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा। इन दोनों फिल्मों को लेकर काफी दिनों से माहौल बना हुआ था कि ये फिल्में कितनी कमाई करेंगी। फिलहाल, हम आपको बताने जा रहे हैं कि अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन ने पहले दिन कितनी कमाई की है। अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन भाई-बहन के त्यौहार रक्षा बंधन के मौके पर रिलीज हुई है।

अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन ने 11 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक दी है। इस फिल्म को शुक्रवार को बजाय गुरुवार को रिलीज किया गया। दरअसल, रक्षा बंधन को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया है और फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते पर बेस्ड है। फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन 8.20 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब फिल्म की निगाहें इस वीकेंड के साथ ही सोमवार पर भी रहेंगी क्योंकि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस है।

## शब्द सामर्थ्य- 163

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपकी सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों को पदोन्नति मिलने के योग हैं।

**वृष :** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

**मिथुन :** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह आपके कामकाज बिगाडऩे की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क :** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है।

**कन्या :** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। घरेलू सुख साधनों में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक :** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है।

**धनु :** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काफी लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे हो सकते हैं, जिससे आपका मन हर्षित होगा।

**मकर :** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। दोस्तों की मदद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा।

**मीन :** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।